or sixty-five years of age whichever is earlier.

*** The scheme of issuance of photo identity cards to voters has been accepted by Government.

@ Specific provision was inserted in March, 1992 in the Representation of the People Act, 1951 to empower the Commission to use EVMs at election. Use of Electronic Voting Machines in selected constitutencies was made during Assembly elections held in Novemeber, 1998.

$ These recommendations have been given effect to by the Representation of the People (Amendment) Act, 1996.

$$ The Representation of the People (Amendment) Act, 1996 provides for non-countermanding of an election in case of death of any candidate.

% No final decision has been taken.

Lok Adalats

1790. SHRI ANANTA SETHI: Will the Minister of LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Lok Adalats are getting popular in every State; and

(b) if so, the number of Lok Adalats organised by Government during the last three years, State-wise, year-wise and place-wise alongwith the cases settled therein?

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI M. THAMBI DURAI): (a) Yes, Sir.

(b) Lok Adalats are being organised by the State and District Legal Services Authorities, etc.—constituted under the Legal Services Authorities Act, 1987 and not by the Government.

Information as to the number of Lok Adalats organised by the State Legal Services Authorities during the last three years, State wise, year-wise and place wise is being obtained from the State Legal Services Authorities and will be laid on the Table of the House.

न्यायालयों में न्यायाधीशों की रिक्तियों को भरा जाना

1791. **श्री डी० पी० यादव:**
श्री कृष्ण कुमार बिरला:

क्या **विधि, न्याय और कंपनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उच्च न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायालयों में आधारभूत ढांचे को सुधारने और न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि करने की अत्यधिक आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि यहां तक कि उच्चतम न्यायालय, विभिन्न उच्च न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की रिक्तियां खाली पड़ी रहने के परिणामस्वरूप बकाया मामले निपटान से बच जाते हैं;

(ग) यदि हां, तो 31 अक्तूबर, 1998 की स्थिति के अनुसार न्यायाधीशों की रिक्तियों की कुल संख्या कितनी है और क्या सरकार ने इन रिक्तियों को भरने के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है?

विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्री (श्री एम० थम्बी दुरई): (क) उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की संख्या का तीन वर्षों में एक बार पुनर्विलोकन किया जाता है और आगामी पुनर्विलोकन 1998 में किया जाना है।

न्यायापालिका के संबंध में अवसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के लिए केन्द्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम सरकार द्वारा 1993-94 के दौरान आरंभ की गई थी। इसमें न्यायालय भवनों तथा न्यायाधीशों/न्यायिक अधिकारियों के लिए निवास स्थान, जिसमें उच्च न्यायालय/अधीनस्थ न्यायालय भी हैं, का संनिर्माण सम्मिलित है। वर्ष 1993-94 में, इसके प्रारंभ से 1997-98 तक अवसंरचनाओं के विकास के लिए विभिन्न सरकारों/संघ राज्य-क्षेत्रों को 232.43 करोड़ रूपए की राशि दी जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान, इस प्रयोजन के लिए 52 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।